केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
8 अप्रैल 2026
बुधवार
आपकी आवाज



प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर सख्ती, सड़कों के चौड़ीकरण और योजनाओं की समीक्षा
2



## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में 16 साल से फरार पाकिस्तानी आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा टेरर मॉड्यूल से जुड़े कुल 5 लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें से दो पाकिस्तानी आतंकी हैं, बाकी उनके मददगार हैं। एक आतंकी की पहचान अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरेरा के रूप में हुई है। अब्दुल्ला 16 साल से फरार था। वहीं, दूसरा पाकिस्तानी आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ-साथ सेंट्रल एजेंसियां भी इस ऑपरेशन में शामिल थीं। जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा समेत 19 जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। कुछ सामान भी बरामद किया। जांच में छीळ के एक नेटवर्क का पता चला, जो आतंकवादियों को लॉजिस्टिक्स और फाइनेंशियल मदद करता था। अधिकारियों के मुताबिक, पकड़े गए पांच लोगों में श्रीनगर के तीन लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मोहम्मद नकीब भट, आदिल राशिद भट और गुलाम मोहम्मद मीर उर्फ मामा को आतंकवादियों को पनाह और खाना समेत लॉजिस्टिक मदद देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### आईपीएल: राजस्थान ने मुंबई को 27 रन से हराया

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल -2026 के 13वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 27 रन से हरा दिया। मंगलवार को मिली इस जीत से रॉयल्स की टीम 19वें सीजन की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। टीम ने लगातार तीसरा मैच जीता है, वहीं, मुंबई ने लगातार दूसरा मैच गंवाया है। गुवाहाटी में मैच से पहले ही बारिश होने लगी। इस कारण मैच दो घंटे देरी से शुरू हुआ। इसे 11-11 ओवर का कर दिया गया था। टॉस हारकर बैटिंग कर रही राजस्थान ने 11 ओवर में तीन विकेट पर 150 रन बनाए। जवाब पारी में मुंबई 11 ओवर में 9 विकेट पर 123 रन ही बना सकी। राजस्थान की ओर से यशस्वी जायसवाल ने 32 बॉल पर 77 रनों की पारी खेली। उन्होंने 10 चौके और 4 छक्के लगाए। वहीं, वैभव सूर्यवंशी ने 14 बॉल पर 39 रन बनाए। दोनों के बीच 80 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई।

# ट्रंप की धमकी के बाद भारत ने जारी की एडवाइजरी, कहा- जहां हैं वहीं रहें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ईरान में तेजी से बदलते हालात को देखते हुए भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय (एमईए) की ओर से जारी बयान के मुताबिक, ईरान में मौजूद नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे जहां हैं वहीं सुरक्षित रहें, आश्रय (शेल्टर) में रहें। मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वहां मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे जहां हैं वहीं सुरक्षित रहें, शेल्टर में रहें और अनावश्यक आवाजाही से बचें। ईरान के भीतर या सीमा पार करने से जुड़ी किसी भी यात्रा का निर्णय केवल तेहरान स्थित भारतीय दूतावास के साथ करीबी समन्वय और उनकी स्पष्ट सलाह प्राप्त करने के बाद ही लिया लें। भारतीय दूतावास ने आपात एडवाइजरी जारी करते हुए कहा, भारतीय नागरिक घर के अंदर रहें। सैन्य ठिकानों और बिजली ढांचे से दूर रहें। ऊंची इमारतों की ऊपरी मंजिलों में जाने से भी बचें। दूतावास ने कहा, जो लोग दूतावास के होटलों में ठहरे हैं, वे वहीं रहें। नियमित रूप से के संपर्क में बने रहें। हाईवे पर यात्रा करने से पहले दूतावास से समन्वय करें। सभी नागरिकों से कहा गया है कि वे आधिकारिक अपडेट पर नजर रखें। दूतावास के आपातकालीन नंबर चालू हैं। आंकड़ों के मुताबिक, तनाव शुरू होने के समय ईरान में करीब 9,000 भारतीय थे। अब तक लगभग 1,800 लोग भारत लौट चुके हैं। यह एडवाइजरी ऐसे समय आई है, जब डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सख्त चेतावनी दी है।

### ट्रंप बोले, पूरी सभ्यता खत्म कर देंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार सुबह अपने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, अगर कोई समझौता नहीं हुआ तो एक पूरी सभ्यता आज की रात नष्ट हो जाएगी, जो फिर कभी वापस नहीं लाई जा सकेगी। हालांकि, उन्होंने समझौते की संभावना को भी जीवित रखा और कहा कि शायद कुछ क्रांतिकारी और अद्भुत हो जाए। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी समय सीमा खत्म होने से पहले ईरान से सकारात्मक जवाब मिलने की उम्मीद जताई। ट्रंप ने समझौता करने के लिए ईरान को मंगलवार रात 8 बजे (भारतीय समय बुधवार सुबह 6:30 बजे) तक का समय दिया है।

### 1.4 करोड़ ईरानी बलिदान के लिए तैयार

ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 1.4 करोड़ ईरानी देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने के लिए तैयार हैं। वह भी ईरान के लिए बलिदान देने वाले रहे हैं और आगे भी रहेंगे। इससे पहले, ईरान के उप खेल मंत्री अलीरेजा रहीमी ने देश के खिलाड़ियों और कलाकारों से बिजली संयंत्रों के चारों ओर मानव श्रृंखला बनाने का आह्वान किया। एक वीडियो संदेश में, उन्होंने सभी युवाओं, खिलाड़ियों, कलाकारों, छात्रों और शिक्षकों को मंगलवार को दोपहर 2 बजे (ईरान के स्थानीय समय के अनुसार) बिजली संयंत्रों के पास इकट्ठा होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा, ये हमारी संपत्ति और साजो-सामान हैं।

# एअर इंडिया सीईओ कैंपबेल विल्सन ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एअर इंडिया के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि एयर इंडिया ने नए सीईओ की तलाश भी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, विल्सन सितंबर में अपना पद छोड़ सकते हैं। पिछले हफ्ते हुई कंपनी की बोर्ड बैठक में उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। विल्सन को 2022 में एअर इंडिया का सीईओ और प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया गया था। उनका कॉन्ट्रैक्ट 5 सालों के लिए, जुलाई 2027 तक था। रिपोर्ट्स के अनुसार, एयरलाइन अहमदाबाद प्लेन क्रैश की फाइनल जांच रिपोर्ट आने के बाद नए उएड की नियुक्ति करेगी। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने 12 जुलाई 2025 को हादसे की प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी। अंतिम रिपोर्ट जून 2026 में आ सकती है। विल्सन के इस्तीफे पर एअर इंडिया ने कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि एअर इंडिया नए उएड के लिए संभावित उम्मीदवारों के साथ हाई लेवल बातचीत कर रही है। इस संबंध में अगले हफ्ते एक अहम बैठक भी होने वाली है।

## बंगाल में नजर डाली तो होगा बुरा नतीजा

# पाकिस्तान कितने टुकड़ों में बंटेगा भगवान ही जाने : राजनाथ सिंह



### ममता बनर्जी का प्रधानमंत्री मोदी से सवाल

वहीं, ख्वाजा आसिफ के इस बयान पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया। उन्होंने कोलकाता पर हमले की पाकिस्तान की धमकी पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। नादिया जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा, प्रधानमंत्री चुनावी रैलियों के दौरान बंगाल को निशाना बनाते हैं लेकिन जब पाकिस्तान बंगाल पर हमले की बात करता है तो आप एक शब्द भी नहीं बोलते। आपको इस्तीफा दे देना चाहिए। ममता ने कहा था, प्रधानमंत्री ने बंगाल में अपनी रैली के दौरान इस मुद्दे को क्यों नहीं उठाया? जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा कि वे कोलकाता पर हमला करेंगे तो प्रधानमंत्री ने यह क्यों नहीं कहा कि हम कड़ी कार्रवाई करेंगे? उन्होंने कहा, जिस तरह हम देश को किसी भी तरह की धमकी स्वीकार नहीं करते, उसी तरह कोलकाता को लेकर किसी भी तरह की धमकी को भी हम चुपचाप बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के कोलकाता पर हमला करने की धमकी पर जवाब दिया। राजनाथ ने कहा कि आसिफ को इस तरह का भड़काऊ बयान नहीं देना चाहिए था। 55 साल पहले जब पाकिस्तान दो हिस्सों में बंटा था। तब उन्हें इसके बुरे नतीजे भुगतने पड़े थे। अगर उन्होंने बंगाल पर बुरी नजर डालने की कोशिश की, तो भगवान ही जाने कि इस बार पाकिस्तान के कितने टुकड़े हो जाएंगे। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने 4 अप्रैल को सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए भारत को धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर भारत कोई फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन (छिपकर हमला) करता है, तो इस बार संघर्ष सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कोलकाता तक पहुंच सकता है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- अभी ऑपरेशन सिंदूर को पूरा हुए एक साल भी नहीं हुआ। क्यों हमें मजबूर कर रहे हैं याद दिलाने पर कि किस तरह के हालात बने थे। कोलकाता तो दूर की बात वो मुश्किल से जम्मू पहुंचे। जम्मू में भी उन्होंने कुछ खास नुकसान नहीं किया था। मुल्क की राजधानी तक तो पहुंच नहीं पाए, कोलकाता पहुंचने का ख्वाब भूल जाना चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज सिंध की जमीन भारत का हिस्सा भले न हो, लेकिन सभ्यता के हिसाब से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। और जहां तक जमीन की बात है। कब बॉर्डर बदल जाए कौन जानता है, कल सिंध फिर से भारत में वापस आ जाए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत को बिना किसी लड़ाई या हमले के अपने आप मिल जाएगा। पीओके के लोग खुद आजादी की मांग कर रहे हैं और एक दिन वे कहेंगे, 'मैं भी भारत हूं।' राजनाथ सिंह ने यह बात मोरक्को में भारतीय समुदाय से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने याद दिलाया कि पांच साल पहले कश्मीर में सेना के एक कार्यक्रम में भी उन्होंने यही बात कही थी।

# ममता बनर्जी आज भवानीपुर से दाखिल करेंगी नामांकन




**एजेंसी। कोलकाता**

ट्रंप की डेडलाइन से पहले ही ईरान में जंग तेज हो गई है. ट्रंप की धमकी के बाद ईरान के कई रेलवे ब्रिज और इंफ्रास्ट्रक्चर तबाह किए जा चुके हैं. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को भवानीपुर सीट से बतौर तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार नामांकन दाखिल करेंगी. तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात करेगा.ट्रंप की डेडलाइन से पहले ही ईरान में जंग तेज हो गई है. ट्रंप की धमकी के बाद ईरान के कई रेलवे ब्रिज और इंफ्रास्ट्रक्चर तबाह किए जा चुके हैं. सुबह साढ़े पांच बजे के बाद ईरान में तबाही मचनी तय है क्योंकि सुबह ट्रंप की डेडलाइन खत्म हो जाएगी. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को भवानीपुर सीट से बतौर तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार नामांकन दाखिल करेंगी. तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात करेगा. विदेश सचिव विक्रम मिसरी द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा के लिए अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे।

# कांग्रेस ने बंगाल के लिए घोषणापत्र किया जारी, खरगे बोले- जनता को एक नया विकल्प देने का प्रयास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कोलकाता में बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया. इस दौरान उन्होंने कहा किलंबे अंतराल के बाद पार्टी राज्य की हर सीट पर चुनाव लड़ रही है और जनता को एक नया विकल्प देने का प्रयास कर रही है. एक तरह से कांग्रेस पार्टी के इस घोषणापत्र को आगामी चुनावों के दौरान राज्य की राजनीति को एक नई दिशा देने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है. खरगे ने कहा कि यह घोषणापत्र लोगों को राहत देने और बंगाल के समग्र विकास को सुनिश्चित करने पर केंद्रित है. उन्होंने जोर देकर कहा कि यह दस्तावेज केवल वित्तीय सहायता तक सीमित नहीं है; बल्कि, यह राज्य की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत करता है एक ऐसी रूपरेखा जो राहत, सुधार और भविष्य के बीच संतुलन बनाती है।








# ईसीएचएस बक्सर में डॉक्टरों की तैनाती से राहत, पूर्व सैनिकों ने जताया आभार

- **लंबे समय से डॉक्टरों के अभाव से जूझ रहे थे लाभार्थी, आईईएसएम के प्रयास से बहाल हुई स्वास्थ्य सेवाएं**



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के ईसीएचएस (एक्स-सर्विसमेन कॉन्ट्रिब्यूटरी हेल्थ स्कीम) पॉलीक्लिनिक में लंबे समय से डॉक्टरों के अभाव से जूझ रहे पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं को अब राहत मिल गई है। मंगलवार को इंडियन एक्स-सर्विसमेन मूवमेंट (आईईएसएम) बक्सर इकाई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में नव-नियुक्त चिकित्सकों का स्वागत करते हुए इस पहल के लिए आभार जताया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सूबेदार हरेंद्र तिवारी ने की। इस दौरान डॉक्टर पल्लवी चौबे और डॉक्टर मनीषा मेहता को अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि 19 फरवरी से 1 अप्रैल तक ईसीएचएस बक्सर में एक भी डॉक्टर के कार्यरत नहीं रहने से स्थिति बेहद गंभीर हो गई थी। मरीजों को न तो नियमित जांच मिल पा रही थी और न ही दवाइयों की सुविधा, जिससे सैकड़ों पूर्व सैनिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आईईएसएम के जिलाध्यक्ष ने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया। इसके बाद संबंधित सैन्य अधिकारियों के हस्तक्षेप से बक्सर में डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित हो सकी। वक्ताओं ने कहा कि यह सामूहिक प्रयास का परिणाम है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं पुनः सुचारु हो पाई हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अब मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी और सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। नव-नियुक्त डॉक्टरों ने भी बेहतर सेवा देने की प्रतिबद्धता जताई।

इस मौके पर बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने एकजुटता का परिचय देते हुए संगठन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह समस्याओं के समाधान के लिए संगठित प्रयास जारी रहेंगे।

कार्यक्रम में विभिन्न पदाधिकारियों, पूर्व सैनिकों और संगठन के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। अंत में उपस्थित लोगों ने एकजुटता और अनुशासन बनाए रखने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### लापरवाही बनी आफत: बीड़ी की चिंगारी से खेतों में लगी आग, फसल खाक

**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चौकियां और दियां गांव के बीच स्थित बधार में मंगलवार की दोपहर अचानक आग लगने से किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। आग की चपेट में आकर लगभग 10 कट्ठा में लगी गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई, वहीं करीब तीन बीघा खेत में मौजूद गेहूं की डंठल भी पूरी तरह नष्ट हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बधार में एक किसान रेपर मशीन से भूसा तैयार कर रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद एक व्यक्ति द्वारा बीड़ी पीकर लापरवाही से फेंक दी गई। बीड़ी की चिंगारी सूखी डंठल पर गिरते ही आग भड़क उठी और देखते ही देखते तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि पास के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को भी अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में फसल और डंठल धू-धू कर जलने लगे। मौके पर मौजूद किसानों और ग्रामीणों ने तत्काल एकजुट होकर पानी और मिट्टी की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो नुकसान और भी अधिक हो सकता था। इस घटना ने एक बार फिर खेतों में काम के दौरान सावधानी बरतने की जरूरत को उजागर कर दिया है।

### लंबित कांडों पर कसा शिकंजा, एसडीपीओ की सख्ती से बढ़ेगी जांच की रफ्तार

**डुमरांव।** डुमरांव अनुमंडल में लंबित आपराधिक मामलों को लेकर पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) पोलस्त कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में थाने में लंबित कांडों की प्रगति पर गहन मंथन किया गया। मिशन अनुसंधान के तहत बुलाई गई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जांच प्रक्रिया में तेजी लाना और मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करना रहा। बैठक में एसडीपीओ ने थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा से एक-एक मामले की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है, उन पर विशेष अभियान चलाकर जल्द कार्रवाई की जाए। साथ ही, तकनीकी अनुसंधान के उपयोग को बढ़ाने और साक्ष्य संकलन को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने कहा कि लंबित कांडों का जल्द निपटारा पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दोषियों को कानून के दायरे में लाना और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। बैठक में गश्ती व्यवस्था को और प्रभावी बनाने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा स्थानीय खुफिया तंत्र को सक्रिय करने के निर्देश भी दिए गए। एसडीपीओ ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए जमीनी स्तर पर सतर्कता बेहद जरूरी है, इसलिए सभी पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ करें। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने भरोसा दिलाया कि लंबित मामलों के निष्पादन के लिए विशेष टीम गठित कर काम किया जा रहा है और जल्द ही अधिकांश मामलों में ठोस प्रगति देखने को मिलेगी। एसडीपीओ ने अंत में कहा कि मिशन अनुसंधान का उद्देश्य केवल कांडों का निपटारा नहीं, बल्कि आम जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत करना भी है।

# प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर सख्ती, सड़कों के चौड़ीकरण और योजनाओं की समीक्षा




- **डीएम साहिला ने लंबित कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश, सूर्य घर योजना के निरस्त आवेदनों के निष्पादन पर भी जोर**

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, अधोसंरचना परियोजनाओं और सरकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बक्सर, कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल बक्सर तथा कार्यपालक अभियंता सोन नहर प्रमंडल बक्सर की अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया गया। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताते हुए अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समीक्षा के क्रम में जिले की प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण कार्यों की स्थिति पर चर्चा की गई। गोलंबर से ज्योति चौक, बड़ी मस्जिद से सेंट्रल जेल, एनएच-922 से बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर तक तथा पुराना भोजपुर से सिमरी रोड तक के निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि वन प्रमंडल से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त नहीं होने के कारण कुछ कार्य लंबित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि वन विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र एनओसी प्राप्त करें और शेष कार्यों को हर हाल में पूरा करना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में टूटे हुए और जर्जर सड़कों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पथ निर्माण विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि खराब सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण का कार्य तत्काल शुरू किया जाए, ताकि आम जनता को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की गई। यह पाया गया कि 200 से अधिक आवेदकों के ऋण आवेदन विभिन्न बैंकों द्वारा निरस्त कर दिए गए हैं। इस पर डीएम ने चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन बैंकों ने आवेदन निरस्त किए हैं, उनके साथ समन्वय स्थापित कर बैठक आयोजित की जाए और निरस्त आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभुकों को योजना का लाभ हर हाल में मिलना चाहिए।

जिलाधिकारी साहिला ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और कार्य में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे और अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# सिमरी में 24 घंटे गूंजा हरिनाम, अखंड कीर्तन और भंडारे से भक्तिमय हुआ माहौल

**केटी न्यूज/सिमरी**

प्रखंड के खरहाटाड़ स्थित बृजलाल ब्रह्म बाबा मंदिर में आयोजित 24 घंटे का अखंड हरि नाम संकीर्तन पूरे क्षेत्र के लिए आस्था और उत्साह का केंद्र बन गया। ओझा परिवार की पहल पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस में डूबकर हरिनाम का संकीर्तन किया। सोमवार सुबह शुरू हुआ यह आयोजन लगातार अगले दिन तक चलता रहा, जिसमें दूर-दूर से आए कीर्तन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख कीर्तनकारों ने ताल और मृदंग की धुन पर भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। मंदिर परिसर ह्लहरे राम, हरे कृष्णह्व के जयघोष से गूंजता रहा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंगीन झालरों, फूल-मालाओं और रोशनी से सजे मंदिर ने श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैठने, पेयजल और प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे किसी को असुविधा न हो।

आयोजकों ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और हर साल इसे भव्य रूप दिया जाता है। स्थानीय लोगों के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया।

कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और पूरे आयोजन का आनंद लिया।

यह धार्मिक आयोजन न केवल मंदिर परिसर तक सीमित रहा, बल्कि पूरे क्षेत्र में भक्ति और सामाजिक एकता का संदेश भी फैलाता नजर आया।

# यादव मोड़ पर अचानक ब्रेक लगने से टकराई बाइक, युवक घायल



**केटी न्यूज/चौसा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यादव मोड़ के समीप मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। घटना ने एक बार फिर सड़क पर असावधानी और अचानक ब्रेक लगाने की समस्या को उजागर कर दिया है। घायल युवक की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के डिहरी गांव निवासी 24 वर्षीय गोलू कुमार के रूप में हुई है, जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चौसा में जारी है।

जानकारी के अनुसार, गोलू कुमार अपनी एक महिला रिश्तेदार के साथ बाइक से बक्सर की ओर जा रहा था। इसी दौरान यादव मोड़ के पास आगे चल रही एक स्कार्पियो गाड़ी के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। अचानक हुई इस स्थिति से पीछे चल रही बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे स्कार्पियो से जा टकराई।

हादसे में बाइक चला रहे गोलू कुमार को चोटें आईं, जबकि पीछे बैठी महिला सुरक्षित बच गई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक को तत्काल चौसा सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया।

घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यादव मोड़ पर अक्सर इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं, जिससे यहां यातायात व्यवस्था और सावधानी को लेकर सवाल उठने लगे हैं।




# अनुसूचित जाति मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं आयोग अध्यक्ष ने किया नया भोजपुर थाने का निरीक्षण



**डुमरांव, केटी न्यूज**

राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष धनंजय कुमार उर्फ मृणाल पासवान ने नया भोजपुर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ शब्दों में पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे थाने पहुंचे अध्यक्ष ने विधि-व्यवस्था की सामान्य समीक्षा से इतर खास तौर पर दलित उत्पीड़न से जुड़े मामलों की स्थिति पर फोकस किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लंबित मामलों की सूची मंगवाकर एक-एक बिंदु पर जानकारी ली और यह जानने का प्रयास किया कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में कहीं देरी तो नहीं हो रही है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में त्वरित प्राथमिकी दर्ज हो, जांच निष्पक्ष हो और दोषियों के खिलाफ समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसडीपीओ पोलस्त कुमार और थानाध्यक्ष चंदन कुमार से बातचीत में अध्यक्ष ने कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों में भरोसा कायम करना भी है। उन्होंने थाने में आने वाले आम लोगों, खासकर दलित समुदाय के लोगों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने पर जोर दिया। पुलिस अधिकारियों ने अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में शांति बनाए रखने के साथ-साथ संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता दी जा रही है और किसी भी शिकायत को नजरअंदाज नहीं किया जाता। हालांकि, अध्यक्ष ने यह भी संकेत दिया कि आगे इस तरह के निरीक्षण और सख्त होंगे तथा कार्यप्रणाली में कमी मिलने पर कार्रवाई से भी पीछे नहीं हटेंगे। निरीक्षण के अंत में उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति जवाबदेही और पारदर्शिता बनाए रखने की नसीहत दी।






# चौसा में सियासी तापमान बढ़ा : श्रमिक मुद्दों के साथ मंत्री संजय टाइगर का कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद

■ **दुर्गा मंदिर के पास हुआ जोरदार स्वागत, 15 मिनट के ठहराव में मजदूरों के अधिकारों पर दिया भरोसा**



नारेबाजी और फूल-मालाओं से माहौल पूरी तरह राजनीतिक जोश से भर गया।

**केटी न्यूज/चौसा**

मंगलवार को चौसा उस समय सियासी रंग में रंग गया, जब बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संजय टाइगर का काफिला यहां पहुंचा। कैमूर से बक्सर की ओर जा रहे मंत्री का स्थानीय दुर्गा मंदिर के समीप भाजपा कार्यकताओं ने भव्य और उत्साहपूर्ण स्वागत किया। स्वागत के दौरान कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष अमर गोंड ने किया। उनके नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहले से ही मंत्री के इंतजार में मौजूद थे। जैसे ही काफिला चौसा पहुंचा, कार्यकताओं ने मंत्री को घेर लिया और गर्मजोशी के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान कुछ देर के लिए सड़क पर हलचल भी बढ़ गई।

करीब 15 मिनट के संक्षिप्त प्रवास के दौरान मंत्री संजय टाइगर ने कार्यकताओं और स्थानीय लोगों से सीधे संवाद किया। उन्होंने श्रमिकों के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए कहा कि राज्य सरकार मजदूरों के हितों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य हर श्रमिक तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, ताकि कोई भी मजदूर अपने अधिकारों से वंचित न रह जाए।

मंत्री ने यह भी कहा कि श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग लगातार काम कर रहा है और जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस मौके पर स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं की भी बड़ी भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में हिमांशु चतुर्वेदी, अनिल दुबे, विकास राज, निर्भय राय, चंदन चौधरी, काजू मिश्रा, राजू चौधरी, गोपाल राय, प्रकाश राय, रवि चौबे, लालू तिवारी, धनजी तिवारी, सौरव उपाध्याय, जय प्रकाश चौबे, कमलेश पांडे, अजीत चौधरी, सविता देवी और अंशु पांडे समेत कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चौसा में मंत्री के इस संक्षिप्त लेकिन प्रभावी दौरे ने कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार किया और क्षेत्र में राजनीतिक सक्रियता को एक बार फिर तेज कर दिया।

## 113486 सिलेंडर वितरित, 27 एजेंसियों की निगरानी तेज, शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए कंट्रोल रूम सक्रिय

# बक्सर में एलपीजी आपूर्ति पर सख्ती, कालाबाजारी पर कड़ा शिकंजा

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। बैठक में जिले में गैस वितरण की स्थिति, उपलब्धता, निगरानी व्यवस्था तथा कालाबाजारी रोकने के लिए किए जा रहे उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि बक्सर जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम के अंतर्गत कुल 27 गैस एजेंसियां संचालित हो रही हैं। इनमें इंडियन ऑयल की 13, भारत पेट्रोलियम की 6 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 8 एजेंसियां शामिल हैं। इन एजेंसियों के माध्यम से जिले में लाखों उपभोक्ताओं तक घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है।



कंपनीवार उपभोक्ताओं की संख्या पर नजर डालें तो इंडियन ऑयल के 2,02,360, भारत पेट्रोलियम के 57,517 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 90,668 घरेलू उपभोक्ता हैं। 13 मार्च से 6 अप्रैल तक कुल 1,13,486 गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा चुका है, जबकि 6 अप्रैल तक एजेंसियों के पास 3,074 सिलेंडर का भंडार उपलब्ध था।

जिले में प्रतिदिन औसतन 6,419 सिलेंडरों की मांग है, जबकि औसतन 5,750 सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है। वर्तमान में 27,372 गैस बुकिंग लंबित हैं, जिससे लगभग 4.8 दिनों का बैकलॉग बना हुआ है। इस स्थिति को सुधारने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है।

गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए बुकिंग प्रक्रिया में भी स्पष्ट नियम लागू किए गए हैं। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता अंतिम सिलेंडर की आपूर्ति के 25 दिनों बाद ही नया सिलेंडर बुक कर सकते हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह अवधि 45 दिन निर्धारित की गई है। इससे अनावश्यक बुकिंग पर रोक लगेगी और सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सकेगी।

कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। सभी गैस एजेंसियों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही जिले के वरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी लगातार गैस एजेंसियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का भौतिक निरीक्षण कर रहे हैं।

जांच के दौरान जिन प्रतिष्ठानों में गैस सिलेंडर की जमाखोरी या कालाबाजारी पाई जा रही है, उन्हें चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जा रही है। अब तक इस मामले में बक्सर सदर अनुमंडल में दो प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। 6 अप्रैल को भी जिले की सभी 27 गैस एजेंसियों सहित अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

आम उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। एलपीजी आपूर्ति से संबंधित किसी भी शिकायत या सूचना के लिए लोग 06183-223333 पर संपर्क कर सकते हैं। 6 अप्रैल तक नियंत्रण कक्ष में कुल 823 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 746 का त्वरित निष्पादन किया जा चुका है, जबकि शेष शिकायतों पर कार्रवाई जारी है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एलपीजी, पेट्रोलियम पदार्थों या आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और वितरण को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रामक या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सोशल मीडिया की लगातार निगरानी की जा रही है।

अधिकारियों ने यह भी बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत तय अंतराल पर घर-घर आपूर्ति के माध्यम से ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशासन का लक्ष्य है कि हर उपभोक्ता तक समय पर और पारदर्शी तरीके से गैस पहुंचाई जाए तथा किसी भी स्तर पर अनियमितता को सख्ती से रोका जाए।

## एक नजर

### आईटीआई बक्सर में 9 अप्रैल को रोजगार मेला, चार बड़ी कंपनियां करेंगी चयन

**बक्सर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), बक्सर में 9 अप्रैल को रोजगार मेला (कैंपस प्लेसमेंट) का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन बिहार सरकार के युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थानों को आमंत्रित किया गया है। इस रोजगार मेले में सुजुकी मोटर्स गुजरात, डिक्सन टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (नोएडा, उत्तर प्रदेश), धूत ट्रांसमिशन (मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा) तथा रस्तोगी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (राजनांदगांव, छत्तीसगढ़) जैसी चार प्रमुख कंपनियां भाग लेंगी। ये कंपनियां आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न तकनीकी पदों के लिए करेंगी। संस्थान के प्राचार्य मो. मसूद रशीद ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रोजगार मेला तकनीकी रूप से प्रशिक्षित युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां उन्हें सीधे कंपनियों के प्रतिनिधियों के समक्ष अपनी योग्यता प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य युवाओं को रोजगार से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्राचार्य ने इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे तक संस्थान परिसर में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, जीवनवृत्त (बायोडाटा), पासपोर्ट आकार का फोटो तथा अन्य जरूरी दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समय पर पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को ही चयन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। ऐसे में अभ्यर्थियों को समय की विशेष रूप से पाबंदी बरतने की सलाह दी गई है। यह रोजगार मेला न केवल बक्सर जिले, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के युवाओं के लिए भी रोजगार पाने का एक बेहतरीन अवसर साबित हो सकता है।

# मठिला के वार्ड 11 की बदहाली पर भड़के अगस्त उपाध्याय, बोले–विकास नहीं तो आंदोलन तय

## नाली-सड़क के अभाव पर वार्ड सदस्य ने खोला मोर्चा, पारदर्शिता पर उठाए सवाल



### जांच नहीं हुई तो करेंगे बड़ा आंदोलन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जिले के मठिला गांव स्थित वार्ड संख्या 11 में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली को लेकर अब वार्ड सदस्य सह जिला दिव्यांग संघ के जिलाध्यक्ष अगस्त उपाध्याय खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों की धीमी गति और योजनाओं में कथित अनियमितता पर गंभीर सवाल उठाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

अगस्त उपाध्याय ने कहा कि वार्ड 11 में नाली, सड़क और जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाएं वर्षों से उपेक्षित हैं। इससे लोगों का जीवन बेहद प्रभावित हो रहा है। बरसात के दिनों में जलजमाव की स्थिति भयावह हो जाती है, जबकि गर्मी में गंदगी और दुर्गंध से लोगों का जीना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि योजनाओं के लिए बजट आवंटन की जानकारी मिलती रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम दिखाई नहीं देता।

उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में पारदर्शिता का अभाव साफ नजर आ रहा है। कई बार बैठकों में मुद्दा उठाने और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिला है। ‌‌अब आश्वासन नहीं, काम चाहिए,‌‌ उन्होंने दो टूक कहा।

वार्ड सदस्य के समर्थन में ग्रामीणों का भी गुस्सा फूट पड़ा है। असफाक मियां, जग्गू तुरहा, मंटू तुरहा, मोहर्रम मियां, मुमताज मियां, सोनू हजाम, मोहन तुरहा, संजय यादव, कन्हैया चौधरी और इद्दू मियां सहित कई लोगों ने बताया कि वे वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के लिए भटक रहे हैं। कई बार लिखित आवेदन देने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

अगस्त उपाध्याय ने स्पष्ट किया कि अगर शीघ्र ही नाली और सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। साथ ही उच्च अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की जाएगी, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता में लेकर त्वरित कार्रवाई करे, ताकि वार्ड 11 के लोगों को राहत मिल सके और क्षेत्र में वास्तविक विकास की शुरूआत हो।

# राजपुर में गैस आपूर्ति ठप : एजेंसियों की मनमानी से उपभोक्ताओं में रोष





■ **बुकिंग के बावजूद हफ्तों इंतजार, सुबह से कतार में लगने को मजबूर ग्रामीण; प्रशासन की चेतावनी बेअसर**

**केटी न्यूज/राजपुर**

प्रखंड क्षेत्र में रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। हालात यह हैं कि समय पर बुकिंग कराने के बावजूद उपभोक्ताओं को एक सप्ताह से अधिक इंतजार करना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों की लापरवाही और मनमानी के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि जिला प्रशासन की चेतावनियां भी बेअसर साबित हो रही हैं।

मंगलवार को राजपुर में गैस एजेंसी के बाहर जो दृश्य दिखा, वह व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी था। सुबह होते ही विभिन्न गांवों से पहुंचे दर्जनों लोग अपने खाली सिलेंडर के साथ कतार में खड़े नजर आए। भरखरा, हरपुर और हुड़रही समेत कई गांवों से आए उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने आठ दिन पहले ही गैस बुक कराई थी, लेकिन अब तक डिलीवरी नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों का कहना है कि एजेंसी की गाड़ी समय पर गांवों तक नहीं पहुंचती, जिससे उन्हें खुद सिलेंडर लेकर एजेंसी तक आना पड़ता है। इससे समय और श्रम दोनों की बबार्दी हो रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद कई बार ‌गैस खत्म‌ होने का हवाला देकर उन्हें वापस लौटा दिया जाता है।

उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि एजेंसी कर्मी मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं और वितरण में पारदर्शिता की कमी है। वहीं, जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नियमित जांच नहीं होने से स्थिति और बिगड़ती जा रही है। प्रशासनिक स्तर पर केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रह जाने से एजेंसियों के हौसले बुलंद हैं।

इस अव्यवस्था से परेशान ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। फिलहाल, सवाल यह है कि आखिर कब तक उपभोक्ताओं को अपनी ही बुक की गई गैस के लिए यूं ही भटकना पड़ेगा।

# संकल्प की साइकिल : 970 किमी की आध्यात्मिक यात्रा पर निकले कुंदन, प्रेमानंद जी से प्राप्त करेंगे आशीर्वाद

■ **मुजफ्फरपुर से वृंदावन तक का सफर, हर पैडल के साथ भक्ति, अनुशासन और आत्मविश्वास की मिसाल**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

आज के दौर में जहां लोग छोटी दूरी तय करने के लिए भी साधनों पर निर्भर हो चुके हैं, वहीं मुजफ्फरपुर के जीरो माइल निवासी कुंदन आर्या अपने मजबूत इरादों के बल पर 970 किलोमीटर लंबी साइकिल यात्रा पर निकल पड़े हैं। उनका लक्ष्य सिर्फ मंजिल तक पहुंचना नहीं, बल्कि इस पूरे सफर को एक आध्यात्मिक साधना में बदलना है। वे वृंदावन पहुंचकर प्रेमानंद जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते हैं।

इस अनोखी यात्रा के दौरान कुंदन आर्या मंगलवार की सुबह डुमरांव अनुमंडल के नया भोजपुर स्थित सब्जी मंडी पहुंचे। साधारण कपड़े, साइकिल पर सीमित सामान और चेहरे पर दृढ़ संकल्प–उन्हें देखकर हर कोई ठहर गया। स्थानीय लोगों ने न सिर्फ उनका स्वागत किया, बल्कि उनके इस अद्भुत सफर के पीछे की भावना को भी जानने की कोशिश की।

कुंदन बताते हैं कि यह यात्रा उनके लिए किसी रोमांच से ज्यादा एक तपस्या है। वे प्रतिदिन 50 से 60 किलोमीटर साइकिल चलाते हैं और जहां रात हो जाती है, वहीं विश्राम कर लेते हैं। न कोई तय ठिकाना, न कोई विशेष सुविधा, बस मंजिल तक पहुंचने का जुनून और भीतर की आस्था ही उनका सहारा है।

रास्ते में आने वाली चुनौतियां भी कम नहीं हैं। कभी तेज धूप, तो कभी बदलता मौसम और लंबी दूरी की थकान–लेकिन कुंदन के हौसले इन सब पर भारी पड़ रहे हैं। उनका कहना है कि हर कठिनाई उन्हें और मजबूत बना रही है। सबसे खास बात यह है कि सफर के दौरान अनजान लोगों से मिल रहा स्नेह और सहयोग उन्हें लगातार आगे बढ़ने की ऊर्जा देता है।

स्थानीय लोगों ने कुंदन के इस जज्बे की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कई लोगों ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणा बताया, जो यह सिखाता है कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी रास्ता मुश्किल नहीं होता।

कुंदन आर्या की यह साइकिल यात्रा सिर्फ एक दूरी तय करने की कहानी नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और आस्था की एक जीवंत मिसाल बनती जा रही है–एक ऐसा सफर, जो मंजिल से ज्यादा रास्ते में खुद को खोजने की प्रेरणा देता है।




# नादाव हॉल्ट के पास संदिग्ध हालात में व्यापारी की मौत, जांच में जुटी जीआरपी

■ **सुबह काम से निकले थे, शाम को रेलवे ट्रैक के पास मिला शव, परिजन सदमे में**

**केटी न्यूज/बक्सर**

दानापुरझडीडीयू रेलखंड के नादाव हॉल्ट के समीप सोमवार को एक स्थानीय व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान डुमरांव निवासी 66 वर्षीय शिवरात्रि प्रसाद के रूप में की गई है, जो इलाके में आलू-प्याज के थोक व्यापार से जुड़े थे।

जानकारी के अनुसार, शिवरात्रि प्रसाद सोमवार सुबह किसी आवश्यक कार्य से बक्सर के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, पर उनका मोबाइल फोन बंद मिला। इससे परिवार की चिंता बढ़ती गई।

इसी बीच शाम करीब 7 बजे जीआरपी ने सूचना दी कि नादाव हॉल्ट के पास रेलवे ट्रैक के किनारे एक व्यक्ति का शव मिला है। पहचान के बाद यह पुष्टि हुई कि शव शिवरात्रि प्रसाद का ही है। प्रारंभिक जानकारी में ट्रेन की चपेट में आने से मौत की बात सामने आई है, हालांकि घटना के कारणों को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। आसपास के लोग भी स्तब्ध हैं। मोहल्ले में शोक का माहौल है। परिजन इस घटना को लेकर गहरे सदमे में हैं और उन्हें यकीन करना मुश्किल हो रहा है कि सुबह घर से निकले शिवरात्रि प्रसाद अब उनके बीच नहीं रहे।

# आरा : एसबी कॉलेज में वनस्पति विभाग के नेतृत्व में चलाया गया पौधारोपण अभियान

**केटी न्यूज/आरा**

एस.बी कॉलेज आरा में वनस्पति विभाग द्वारा पौधारोपण अभियान का कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया ने दीप प्रज्वलित कर किया । प्राचार्य ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज विश्व स्वास्थ्य दिवस भी है। इसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण जैसे कार्यक्रम से मदद मिलती है कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर धनंजय प्रसाद राय ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि



स्वास्थ्य केवल रोगों की अनुपस्थिति नहीं है,बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण रूप से स्वस्थ होना ही वास्तविक स्वास्थ्य है। आज के समय में बदलती जीवनशैली, तनाव, प्रदूषण, असंतुलित भोजन और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण कई बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग, पर्याप्त नींद और स्वच्छता का विशेष महत्व है। रसायन विज्ञान विभाग के डॉक्टर अरविंद कुमार ने अपने वक्तव्य में कहाह्लस्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। यदि व्यक्ति स्वस्थ रहेगा तो वह अपने परिवार,समाज और राष्ट्र के विकास में बेहतर योगदान दे सकेगा। स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की दिशा में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ.उमेश कुमार राय एमके गिरी डॉक्टर अमजद डॉक्टर महफूज आलम राकेश कुमार डॉ आदित्य आनंद नमिता कुमारी समीर कुमार भास्कर कुमार सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही कार्यक्रम के अंत में जो प्राचार्यमहोदय ने कहां की इस दिन हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं भी स्वस्थ जीवन अपनाएंगे और दूसरों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे।

## एसबी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

कोईलवर (भोजपुर) विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 1,एसबी कॉलेज के तत्वावधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर कोईलवर स्थित काजी मुहल्ला वार्ड में आयोजित हुआ। जहाँ बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने अपनी स्वास्थ्य जाँच कराई। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय कि समन्वयक डॉ साधना रावत ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इस तरह के शिविर का उद्देश्य केवल उपचार ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति एक सजग समाज का निर्माण करना है। वही कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रीना देवी ने कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है और यह एक सुखी व सफल जीवन की नींव है। स्वयंसेवकों के इस प्रयास की स्थानीय पार्षदों और मोहल्ले के गणमान्य नागरिकों ने खूब सराहना की।

# जमीनी विवाद में भाई बना भाई का दुश्मन : कुदाल से हमला, मां-बेटे की मौत, 6 घायल, तीन गिरफ्तार



**एजेंसी। पटना**

पटना के मोकामा थाना क्षेत्र के शाहबेगपुर मोहल्ले में जमीनी विवाद को लेकर दो परिवार आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच कुदाल, लाठी और डंडों से जमकर हमला हुआ, जिसमें राजीव यादव और उनकी मां मंजू देवी की मौत हो गई। वहीं, उनके परिवार के ही एक व्यक्ति को कुदाल के वार से गंभीर रूप से घायल अवस्था में पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इस हमले में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ का इलाज मोकामा रेफरल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। घायलों में कृष्णा कुमार, हीरा देवी और विवेक कुमार शामिल हैं। घटना के बाद पटना के ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार मौके पर कैंप कर रहे हैं। इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।जानकारी के अनुसार, अजय यादव अपनी पत्नी और दोनों बेटों के साथ खेत से काम कर घर लौट रहा था। इसी दौरान विजय यादव अपने दोनों बेटों के साथ घर के पास बैठा हुआ था। अजय यादव के पहुंचते ही उन लोगों पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया गया और कुदाल से मारकर घायल कर दिया गया। एक युवक गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर काफी देर तक पड़ा रहा, लेकिन वहां मौजूद भीड़ में से किसी ने उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार अधिक खून बहने के कारण एक युवक राजीव कुमार की मौत हो गई, जबकि उनकी मां मंजू देवी की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक पक्ष से तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं। इस घटना के बारे में ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद में दो भाइयों के बीच मारपीट की घटना हुई है। एक भाई के परिजनों ने दूसरे भाई और उसके परिवार पर हमला किया है, जिसमें कुदाल का भी इस्तेमाल किया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, फसल की कटाई को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद हुआ था, जो हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान एक अन्य व्यक्ति के सिर पर कुदाल से वार किया गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। मोकामा थाना की पुलिस और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर कार्रवाई में जुटे हैं। वहीं, शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है।

## भाई ने भाई के परिवार पर किया हमला

इस घटना के बारे में ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद में दो भाइयों के बीच मारपीट की घटना हुई है। एक भाई के परिजनों ने दूसरे भाई और उसके परिवार पर हमला किया है, जिसमें कुदाल का भी इस्तेमाल किया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, फसल की कटाई को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद हुआ था, जो हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान एक अन्य व्यक्ति के सिर पर कुदाल से वार किया गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। मोकामा थाना की पुलिस और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर कार्रवाई में जुटे हैं। वहीं, शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है।

# गैस सिलेंडर किल्लत को लेकर सड़क जाम कर उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**केटी न्यूज/रोहतास**

नगर परिषद,नोखा में घरेलू गैस की किल्लत से परेशान लोगों का गुस्सा मंगलवार दोपहर को सड़क पर फूट पड़ा।नोखा काली मंदिर बस स्टैंड के पास बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने खाली गैस सिलेंडर सड़क पर रखकर जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इस दौरान घंटों तक यातायात प्रभावित रहा और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर खाली सिलेंडर रखकर नारेबाजी की और गैस आपूर्ति व्यवस्था के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया। लोगों का कहना था कि कई दिनों से गैस नहीं मिलने के कारण उनके घरों में खाना बनाना मुश्किल हो गया है।15-20 दिन बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर।उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि गैस एजेंसी में नंबर लगाने के बावजूद 15 से 20 दिनों तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं की जा रही है। इससे आम लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।प्रदर्शन कर रहे लोगों ने गैस एजेंसी के मालिक और मैनेजर पर मिलीभगत का आरोप लगाया। उनका कहना है कि आम



उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल रही, जबकि ब्लैक में आसानी से सिलेंडर उपलब्ध हो जा रहा है। इससे लोगों में आक्रोश और बढ़ गया है। सूचना मिलने पर बीडीओ शेफाली,मार्केटिंग ऑफिसर राजदीप सिंह, अपर थानाध्यक्ष नवीन कुमार,अभय कुमार और तैयब हुसैन मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों से बातचीत कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। दूसरी तरफ एसडीएम डॉ. नेहा कुमारी ने उपभोक्ताओं से मिल उन्हें आश्वस्त किया कि टोकन धारकों को घर तक गैस पहुंचाई जाएगी और अनियमितताओं की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया और यातायात बहाल हुआ।

# परिवहन समस्याओं के लिए उत्तम गणितीय मॉडलों के अध्ययन पर हुई चर्चा

**केटी न्यूज/आरा**

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के गणित विभाग में एक महत्वपूर्ण अकादमिक उपलब्धि दर्ज की गई। शोधार्थी शत्रुघ्न कुमार ठाकुर की पीएचडी मौखिक परीक्षा बड़ी ही गरिमामय और शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ संपन्न हुई। यह परीक्षा विभागीय सदस्यों, विशेषज्ञों और शोध निर्देशक की मौजूदगी में हुई। जिसमें शोधार्थी ने अपने कार्य को बहुत ही प्रभावशाली अंदाज में प्रस्तुत किया।विषय परिवहन समस्याओं के लिए उत्तम गणितीय मॉडलों का अध्ययन था। कहा कि यह एक ऐसा क्षेत्र है। जो मंगलवार को समय में बेहद प्रासंगिक माना जाता है। जो सड़क,रेल,हवाई मार्ग,माल ढुलाई, लॉजिस्टिक्स,आपूर्ति श्रृंखला और शहरी यातायात प्रबंधन जैसी कई चुनौतियों के समाधान में इष्टतम गणितीय मॉडल बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। शत्रुघ्न कुमार ठाकुर ने इस विषय पर गहन शोध करते हुए विभिन्न मॉडलों का तुलनात्मक विश्लेषण किया और कुछ खास परिस्थितियों में बेहतर परिणाम देने वाले मॉडलों की पहचान की। समिति के सदस्यों ने परिवहन संबंधी समस्याओं, उनके गणितीय फॉर्मूलेशन, सैद्धांतिक आधार, एल्गोरिदम और व्यावहारिक उपयोगिता पर गहन प्रश्न किए। शत्रुघ्न ने हर सवाल का जवाब तर्कपूर्ण, संतोषजनक और पूर्ण जानकारी के साथ दिया। उनकी प्रस्तुति में मौलिकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और अकादमिक परिपक्वता साफ झलक रही थी। परीक्षा समिति ने शोध प्रबंध को उच्च कोटि का,नवोन्मेषी और क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाला करार दिया। समिति ने कहा कि यह कार्य परिवहन लागत में कमी, समय की बचत, ईंधन संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसे व्यावहारिक लक्ष्यों को हासिल करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। इस पूरे शोध कार्य का श्रेय काफी हद तक शोध निर्देशक डॉ.प्रो.आलोक कुमार को भी जाता है। संकायाध्यक्ष सह प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार, जैन महाविद्यालय आरा, विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार सिंह,डॉ दीपक मांझी, डॉ रणविजय कुमार, डॉ बलराज ठाकुर, डॉ संजय कुमार एवं इत्यादि प्राध्यापकगण, साथी शोधार्थी और अन्य शिक्षकों ने शत्रुघ्न कुमार ठाकुर उर्फ. संदीप ठाकुर को ढेर सारी बधाइयां दीं। सभी ने इस बात पर जोर दिया कि यह सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि विभाग और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गरिमा को भी मजबूती देती है। संकायाध्यक्ष डॉ नरेंद्र कुमार ने कहा कि शत्रुघ्न का यह प्रदर्शन आने वाले शोधार्थियों के लिए एक बेहतरीन उदाहरण बनेगा। मौके पर प्रो.अरविंद कुमार सिंह, डॉ. दूधनाथ चौधरी, डॉ. दीनानाथ पंडित सीनेट सदस्य अजय कुमार तिवारी मुनमुन, डॉ राजेश पांडे, डॉ रवि राय, डॉ गजेंद्र आजाद, डॉ नवीन शंकर पाठक, डॉ प्रिय रंजन चौबे, डॉ सुधांशु, डॉ अमिताभ कुमार, अमित सम्राट , राणा सिंह के साथ छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

## एक नजर

### शराब तस्करों का बिहार-झारखंड सीमा पर बढ़ी सक्रियता, प्रशासन मौन

**रजौली।** बिहार व झारखंड सीमा पर स्थित रजौली जांच चौकी एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गई है। सोमवार को करीब तीन बजे रजौली ओवरब्रिज के पास बीएसएनएल कार्यालय के सामने अंग्रेजी शराब से लदी एक स्कॉर्पियो के पलट जाने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। इस घटना ने सीमा पर हो रही जांच व्यवस्था की गंभीरता पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो पर बीआर 01 जेपी 3789 नंबर अंकित था। जिस हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस जब मौके पर पहुंची और वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें करीब 648 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इतनी बड़ी मात्रा में शराब मिलने के बाद लोगों में हैरानी के साथ नाराजगी भी देखने को मिली।जांच के दौरान एक और अहम खुलासा सामने आया। रजौली थाना की पड़ताल में पता चला कि स्कॉर्पियो पर लगा नंबर फर्जी था। वाहन का असली नंबर जेएच 01 जीजे 7823 निकला। जो झारखंड के डोमचांच निवासी प्रदीप कुमार मेहता के नाम से जुड़ा बताया जा रहा है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि तस्कर पुलिस और जांच एजेंसियों से बचने के लिए फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि जब बिहारझ्झारखंड सीमा पर जांच चौकी मौजूद है,तो इतनी बड़ी मात्रा में शराब से लदी गाड़ी वहां से कैसे गुजर गई। लोगों के बीच इस बात की भी चर्चा है कि कहीं इस पूरे मामले में मिलीभगत या शुभ लाभ का खेल तो नहीं चल रहा।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में क्या कदम उठाते हैं और क्या प्रशासन की जांच चौकी के कार्य प्रणाली में कोई बदलाव कर पाते है या नहीं अब यह देखने वाली बातें होगी।

### अल्ट्रासाउंड सेंटर पर आधिकारियों द्वारा औचक जांच से मचा हड़कंप

#### अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक बंद कर हुए फरार

**नवादा।** जिलाधिकारी व सिविल सर्जन के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय टीम द्वारा रजौली प्रखंड क्षेत्र में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर केंद्र की जांच की गयी। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच को लेकर मंगलवार को प्रखंडवार जांच दल का गठन किया गया था रजौली अनुमंडल मुख्यालय स्थित नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर को जांच करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार झा,प्रखंड और पीएचसी प्रभारी सौरभ कुमार निराला व एसआई सचिन कुमार के द्वारा रजौली नगर पंचायत बाजार के सुपर अल्ट्रासाउंड ,मनोहर मेमोरियल हॉस्पिटल,नालंदा अल्ट्रासाउंड, और राज श्री अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी की गई। जिसमें सुपर अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक से कागजात की मांग की गई। इसमें डॉक्टर उपलब्ध के साथ कागजात सही पाए गए हैं वहीं लेकिन मनोहर हॉस्पिटल अल्ट्रासाऊंड सेंटर से संबंधित सही दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका वही राज अल्ट्रासाउंड सेंटर व नालंदा अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद पाए गए।जिसे अधिकारियों ने कहा कि बंद पाए गए अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक के विरुद्ध कानूनी उचित कार्रवाई की जाएगा। रजौली प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया की रजौली प्रखंड मुख्यालय में चार अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाया जा रहा है वहीं विभागीय के वरीय अधिकारी निदेर्शानुसार अल्ट्रासाउंड सेंटर इत्यादि की जांच की गई। जबकि संबंधित जांच रिपोर्ट से संबंधित प्रतिवेदन बना कर उच्चाधिकारी को भेजा जाएगा।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन




**तरारी।** तरारी प्रखंड के एसटीएसएम कॉलेज, पनवारी के सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं उसके समग्र कल्याण विषय पर भव्य सेमिनार और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सह राष्ट्रीय सेवा योजना के अध्यक्ष डा. दयानिधी सिंह ने की। आयोजन के दौरान छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और उत्साह साफ झलकता रहा। मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुर जिला पार्षद उपाध्यक्ष लालबिहारी सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन एनएसएस के सचिव डॉ. शैलेश कुमार गुड्डु ने किया, जबकि अतिथियों का स्वागत डॉ. शिवाजी सिंह ने किया। सेमिनार में वक्ताओं ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपने विचारों से सभी को प्रभावित किया। रितिका कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी, जबकि खुशी कुमारी द्वितीय और विक्की कुमार तृतीय स्थान पर रहे। सलोनी कुमारी ने चौथा स्थान हासिल किया। विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. अमित कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों और प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया। अवसर पर प्रो. शिवनारायण सिंह, प्रो. उपेन्द्र सिंह, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, नागेन्द्र सिंह, विशाल चौबे, अंकित सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# बिहार में फिर बदला मौसम का मिजाज: आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट, 12 जिलों के लिए चेतावनी

**एजेंसी। पटना**

बिहार में अगले 24 घंटे के भीतर मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग ने बुधवार, 7 अप्रैल को राज्यभर में आंधी, बारिश, मेघगर्जन, बिजली और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। खासकर उत्तर बिहार में मौसम का असर ज्यादा देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, दरभंगा, पूर्णिया समेत राज्य के 12 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि पटना, भागलपुर और गया सहित अन्य जिलों में येलो अलर्ट घोषित किया गया है। कोसी और सीमांचल क्षेत्र में कहीं-कहीं भारी



बारिश की भी आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार, तेज आंधी और मेघगर्जन से जनजीवन प्रभावित हो सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। साथ ही कई इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बना रहेगा और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। उत्तर बिहार, कोसी और सीमांचल के जिन जिलों के लिए विशेष चेतावनी जारी की गई है, उनमें पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, अररिया, पूर्णिया और किशनगंज शामिल हैं। इन इलाकों में आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि की भी संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने और किसानों को खराब मौसम के दौरान खेतों में काम न करने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटों में पश्चिम चंपारण, मधुबनी, औरंगाबाद और जमुई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी और उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और 11 अप्रैल से संभावित पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगले एक सप्ताह तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। तापमान की बात करें तो अगले 2-3 दिनों में रात के तापमान में खास बदलाव नहीं होगा, लेकिन दिन का तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इसके बाद फिर 4 डिग्री तक गिरावट आने की संभावना है।

# खुशी : बुनियाद केंद्र पर 44 दिव्यांगों के बीच बैटरीयुक्त ट्राई साइकिल का वितरण



**केटी न्यूज/नवादा**

अनुमंडल मुख्यालय के बुनियादी केन्द्र में मंगलवार को दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में समाज कल्याण विभाग ने की सराहनीय पहल। जिसे लेकर स्थानीय बुनियाद केंद्र में जिला दिव्यांग सशक्तिकरण पदाधिकारी रितेश कुमार व प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव ने हरी झंडी दिखा दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। जिसमें कुल 44 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल हेलमेट के साथ दिया गया। ताकि यातायात के दौरान सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकें। लाभार्थियों में गौतम कुमार,सुनील कुमार,महेश राजवंशी,शंकर राजवंशी और मो. इकराम आलम ने कहा कि इसके पाते ही अब हमारे दैनिक जीवन में काफी सहूलियत मिलेगी और वे दूसरों पर निर्भर हुए बिना अपने कार्य कर सकेंगे पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर पात्र दिव्यांग व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुंचाना है इस पहल से न केवल उनकी आवाजाही आसान होगी,बल्कि वे रोजगार एवं अन्य आर्थिक गतिविधियों से भी जुड़ सकेंगे। मौके पर सीनियर फिजियोथैरेपी गौरव कुमार स्पीच थेरेपी राजमणि चौधरी,शशि कुमार,सामाजिक सुरक्षा कोषांग कर्मी नितेश कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

**बहन खुश्बू सिंह हत्याकांड में रक्क्ष जांच, आरोपियों की गिरफ्तारी और स्थायी अंगरक्षक की मांग**

# पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी के दामाद वरुण सिंह ने लगाई सुरक्षा की गुहार




**एजेंसी। पटना**

बिहार के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी के दामाद व उद्यमी वरुण कुमार सिंह ने अपनी बहन खुश्बू सिंह की संदिग्ध मौत को लेकर मंगलवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस कर न्याय और सुरक्षा की मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि मुजफ्फरपुर में शादी के महज छह महीने बाद उनकी बहन की साजिशन हत्या कर दी गई, और अब इस मामले में आवाज उठाने पर उनके तथा उनके परिवार के सदस्यों की जान को भी गंभीर खतरा है। वरुण ने सरकार से विशेष जांच दल (रक्क्ष) के गठन, सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और परिवार को स्थायी सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। वरुण कुमार सिंह ने बताया कि उनकी छोटी बहन खुश्बू सिंह की शादी 1 जून 2025 को पूरे रीति-रिवाज और धूमधाम के साथ मुजफ्फरपुर के ब्रह्मपुरा इलाके के श्याम कुटीर, ज्ञानलोक मार्ग निवासी एनआरआई ई. सुधांशु सिंह से हुई थी। उनका आरोप है कि शादी के दौरान ही लड़के पक्ष की ओर से फार्च्यूनर गाड़ी, लगभग एक करोड़ रुपये के गहने और 51 लाख रुपये नकद की मांग की गई। उन्होंने कहा कि गाड़ी को छोड़कर परिवार ने बाकी अधिकांश मांगें पूरी कीं, लेकिन शादी के बाद से ही बहन को गाड़ी और बाद में दिल्ली में फ्लैट की मांग को लेकर लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। वरुण के अनुसार, 26 दिसंबर 2025 को उनके बहनोई के पिता संजीव सिंह ने फोन कर सूचना दी कि खुश्बू की मौत जलने और दम घुटने से हो गई है। सूचना मिलने पर परिवार जब मुजफ्फरपुर पहुंचा, तब तक पुलिस और फॉरेंसिक टीम कथित रूप से अपनी जांच पूरी कर चुकी थी। वरुण ने आरोप लगाया कि उन्हें अपनी बहन का शव ठीक से देखने तक नहीं दिया गया और शव पर मंगलसूत्र सहित कोई गहना नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि कमरे में ऐसी कोई स्पष्ट स्थिति नहीं दिखी, जिससे यह लगे कि मौत जलने या दम घुटने से हुई है। उनका आरोप है कि उस समय स्थानीय पुलिस का रवैया आरोपी पक्ष के प्रति ह्लअसामान्य रूप से नरमह्व था और परिवार की शिकायत दर्ज करने में भी टालमटोल की गई।उन्होंने कहा कि सामाजिक दबाव बढ़ने के बाद पुलिस ने खुश्बू के पति सुधांशु सिंह को गिरफ्तार तो कर लिया, लेकिन सास ममता सिंह, ससुर संजीव सिंह और अन्य आरोपियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वरुण का आरोप है कि बाकी आरोपियों को फरार होने का अवसर दिया गया और अब केस को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें कई बार जान से मारने की कोशिश की गई और लगातार धमकियां मिल रही हैं, यहाँ तक की उपलब्ध सरकारी सुरक्षा कर्मी के सामने ही मुझपर जानलेवा हमला किया गया ताकि वे इस मामले को आगे न बढ़ा सकें। प्रेस कांफ्रेंस में वरुण कुमार सिंह ने साफ कहा कि यदि इस मामले में निष्पक्ष, समयबद्ध और उच्चस्तरीय जांच नहीं हुई, तो न्याय मिलना कठिन हो जाएगा।

# बिहार में भू-माफिया पर नकेल कसने की तैयारी, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने सभी डीसीएलआर को दिए सख्त निर्देश




**एजेंसी। पटना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बिहार में भू-माफिया पर नकेल कसने की तैयारी तेज कर दी है. डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने डीसीएलआर को समयबद्ध और निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता का जनादेश भूमि विवाद रहित बिहार बनाने का है और इसको पूरा करने के लिए ही लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में अंचल स्तर पर कार्य प्रभावित होने से आम जनता को जो परेशानियाँ हुई हैं, उसकी जिम्मेदारी तय होगी और इसका खामियाजा संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने उपस्थित सभी डीसीएलआर से कहा कि काम में खानापूर्ति नहीं हो। वास्तविक कार्यों को लटकाने और भटकाने से बचना होगा। लोगों के जरूरी काम को ईमानदारी से समय सीमा के अंदर पूरा कर देंगे तो आम जनता के बीच आपका बेहतर इमेज बनेगा। इससे आप अपने आप को उस स्थान पर सिद्ध कर पाते हैं। जनता भी आप पर विश्वास करने लगती है। इसलिए सभी अधिकारियों का पहला ध्येय जनता के उचित कार्य का समय पर निष्पादन करना होना चाहिए। मंगलवार को वे पटना स्थित पुराना सचिवालय के राजस्व मुख्यालय में आयोजित राज्य के सभी भूमि सुधार उप समाहताओं (डीसीएलआर) की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले अधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रधान सचिव सीके अनिल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा तथा उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के जनकल्याण संवाद का विभागीय कार्यप्रणाली पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सरकार को राजस्व अधिकारियों से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व का कार्य जनता से सीधे जुड़ा हुआ कार्य है, इसलिए पूरी ईमानदारी और जवाबदेही के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि 9 मार्च से अंचल स्तर पर कार्य प्रभावित रहने के कारण जो समय नष्ट हुआ है, उसकी कीमत अमूल्य है और इससे आम लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी है। प्रधान सचिव ने सरकारी जमीन की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सरकारी भूमि से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी जमीन के आधार पर राज्य का लैंड बैंक मजबूत होगा, जिससे औद्योगिक निवेश और आधारभूत संरचना के विकास को गति मिलेगी। इसलिए सरकारी भूमि से जुड़े मामलों में सरकार के पक्ष की मजबूती सुनिश्चित करना आवश्यक है।

## पटना में दवा घोटाले का भंडाफोड़, करोड़ों की सरकारी दवाइयां गोदाम से बरामद, एक गिरफ्तार, मास्टरमाइंड फरार



**एजेंसी। पटना**

बिहार की राजधानी पटना में पुलिस ने सरकारी दवाइयों की अवैध जमाखोरी के एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश किया है, जहां एक किराए के गोदाम से भारी मात्रा में दवाइयां बरामद होने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस की छापेमारी के दौरान गोदाम से करीब 5 हजार कफ सिरप की बोतलें, एंटीबायोटिक समेत कई तरह की सरकारी दवाइयां जब्त की गईं, जिनकी अनुमानित कीमत 50 लाख से लेकर 1 करोड़ रुपये के बीच बताई जा रही है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह कोई छोटा-मोटा खेल नहीं बल्कि बड़े स्तर पर चल रहा अवैध धंधा था। जांच में सामने आया है कि इस पूरे नेटवर्क के पीछे जयंत कुमार और नीरज कुमार का हाथ बताया जा रहा है, जिन्होंने मिलकर यह गोदाम किराए पर लिया था और यहीं से सरकारी दवाइयों की अवैध तरीके से स्टॉकिंग और सप्लाई का काम किया जा रहा था, हालांकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जयंत कुमार को मौके से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी नीरज कुमार फरार बताया जा रहा है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, बरामद कफ सिरप और अन्य दवाइयों के दुरुपयोग की आशंका भी जताई जा रही है, क्योंकि ऐसी दवाइयों का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों में भी किया जाता है, इसी को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ ठउद्धर अू३ समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस पूरे मामले में पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयां आखिर कहां से आईं और क्या इसमें किसी सरकारी कर्मचारी की भी मिलीभगत है, क्योंकि बिना अंदरूनी मदद के इतनी बड़ी खेप का बाहर आना मुश्किल माना जा रहा है, ऐसे में जांच का दायरा और बढ़ा दिया गया है।फिलहाल पुलिस इस नेटवर्क की गहराई से पड़ताल कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इन दवाइयों को कहां सप्लाई किया जाना था और इसके पीछे कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।

## बिहार में फिर बदला मौसम का मिजाज : आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट, 12 जिलों के लिए चेतावनी



**एजेंसी। पटना**

बिहार में अगले 24 घंटे के भीतर मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग ने बुधवार, 7 अप्रैल को राज्यभर में आंधी, बारिश, मेघगर्जन, बिजली और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। खासकर उत्तर बिहार में मौसम का असर ज्यादा देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, दरभंगा, पूर्णिया समेत राज्य के 12 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि पटना, भागलपुर और गया सहित अन्य जिलों में येलो अलर्ट घोषित किया गया है। कोसी और सीमांचल क्षेत्र में कहीं-कहीं भारी बारिश की भी आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार, तेज आंधी और मेघगर्जन से जनजीवन प्रभावित हो सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। साथ ही कई इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बना रहेगा और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। उत्तर बिहार, कोसी और सीमांचल के जिन जिलों के लिए विशेष चेतावनी जारी की गई है, उनमें पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, अररिया, पूर्णिया और किशनगंज शामिल हैं। इन इलाकों में आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि की भी संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने और किसानों को खराब मौसम के दौरान खेतों में काम न करने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटों में पश्चिम चंपारण, मधुबनी, औरंगाबाद और जमुई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी और उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और 11 अप्रैल से संभावित पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगले एक सप्ताह तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। तापमान की बात करें तो अगले 2-3 दिनों में रात के तापमान में खास बदलाव नहीं होगा, लेकिन दिन का तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इसके बाद फिर 4 डिग्री तक गिरावट आने की संभावना है।

## एक नजर

### बेतिया में अवैध नर्सिंग होम सील बाथरूम में मिला ऑक्सीजन सिलेंडर

**बेतिया।** बेतिया के अस्पताल रोड स्थित एक अवैध नर्सिंग होम पर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी कर उसे सील कर दिया। आइडियल मेडिकेयर सेंटर नाम से संचालित यह नर्सिंग होम बिना लाइसेंस के चल रहा था। जांच के दौरान यहां मानकों के अनुरूप नहीं बना ऑपरेशन थियेटर (ओटी) और उससे जुड़ी सामग्री न मिलने पर टीम ने डॉक्टर रूम और ओटी को तत्काल सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग को पहले से शिकायत मिल रही थी कि उक्त स्थान पर अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालित किया जा रहा है। इसी आधार पर बेतिया पीएचसी प्रभारी डॉ. शहाबुद्दीन के नेतृत्व में टीम ने नगर थाना पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की। टीम में लेखपाल राजन कुमार, प्रधान सहायक सोनू और दरोगा रूपा कुमारी भी शामिल थीं। छापेमारी के दौरान नर्सिंग होम में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जांच में एक महिला मरीज भर्ती मिली, जिसका एक दिन पहले ऑपरेशन के जरिए प्रसव कराया गया था। मौके पर मौजूद व्यक्ति से पूछताछ की गई, लेकिन उसने खुद को डॉक्टर मानने से इनकार कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि नर्सिंग होम के पास न तो फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट था और न ही प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित कोई अनुमति। ऐसे में इसे नियमों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए तत्काल कार्रवाई की गई। आगे की प्रक्रिया के लिए संबंधित विभाग को रिपोर्ट भेजी जा रही है। बताया गया कि यह नर्सिंग होम एक किराए के मकान के निचले हिस्से में चल रहा था, जहां करीब छह कमरे बनाए गए थे। इनमें से दो कमरों में मरीज भर्ती पाए गए।

### जहरीली शराब से 10 लोगों की मौत के बाद एक्शन में पुलिस, 3500 लीटर शराब को किया नष्ट

**मोतिहारी।** मोतिहारी में जहरीली शराब से 10 लोगों की मौत के बाद बेतिया में पुलिस और मध्यनिषेध विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू कर दी है। जिले के शिकारपुर, नौतन और मझौलिया थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी कर अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने की कोशिश की जा रही है।इसी अभियान के तहत शिकारपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 3,500 लीटर शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले कच्चे पदार्थ नष्ट कर दिए। वहीं नौतन और मझौलिया थाना क्षेत्रों में भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया। नौतन थाना क्षेत्र के डबरिया गांव में छापेमारी के दौरान पुलिस ने विश्वजीत कुमार उर्फ गोल्डन को गिरफ्तार किया। उसके पास मक्के के खेत में छिपाकर रखी गई 36 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले भी शराब तस्करी के मामलों में शामिल रहा है और वर्ष 2024 में 423 लीटर शराब के साथ पकड़ा गया था। कार्रवाई के दौरान अलग-अलग जगहों से सात लोगों को शराब पीने के आरोप में भी गिरफ्तार किया गया। सभी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मध्यनिषेध उपाधीक्षक सीमा चौरसिया ने बताया कि मोतिहारी जहरीली शराब कांड के बाद सीमावर्ती इलाकों में विशेष निगरानी बढ़ा दी गई है। अवैध शराब के निर्माण और तस्करी को पूरी तरह खत्म करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि राज्य में शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन हो सके।

### ड्यूटी पर तैनात दारोगा ताज मोहम्मद खान को टेम्पू ने मारी टक्कर, ब्रेन हेमरेज से मौत

**छपरा।** छपरा में ड्यूटी पर तैनात दारोगा की सड़क हादसे में मौत हो गयी। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। मृतक की पहचान एकमा थाने के एसआई ताज मोहम्मद खान के रूप में हुई है। बताया जाता है कि घरेलू गैस सिलेंडर वितरण के दौरान दारोगा ताज मोहम्मद खान की ड्यूटी लगी थी। तभी एक अज्ञात टेम्पू ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद टेम्पू लेकर चालक फरार हो गया। वही इस दौरान दारोगा बुरी तरह घायल हो गये।आनन-फानन में उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेदांता रेफर कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी जिसके चलते ब्रेन हेमरेज हो गया था। आज उनकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। इस घटना से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अज्ञात टेम्पू चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### कोर्ट गेट पर नशे का खेल बेनकाब जेल से छूटे युवक को पुलिस ने दबोचा

**बेगूसराय।** बेगूसराय में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच पुलिस को एक बार फिर बड़ी कामयाबी मिली है। जहां एक ओर जिला और पुलिस प्रशासन मादक पदार्थों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर अपराधी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला कोर्ट परिसर से सामने आया है, जहां सघन जांच के दौरान एक युवक को नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया। मामला बेगूसराय कोर्ट के मुख्य गेट का है, एसपी मनीष के निर्देश पर कोर्ट परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कोर्ट परिसर में प्रवेश करने वाले हरेक व्यक्ति की सघन तलाशी ली जा रही है। इसी क्रम में सब-इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार ओझा के नेतृत्व में पुलिस टीम गेट पर तैनात थी और आने-जाने वालों की बारीकी से जांच कर रही थी। जांच के दौरान एक युवक पुलिस को संदिग्ध प्रतीत हुआ। जब उसे रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से नशीले पदार्थों का जखीरा बरामद हुआ। गिरफ्तार युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खम्मार गांव वार्ड संख्या-3 निवासी राजीव सिंह के पुत्र लखन कुमार के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, लखन कुमार आर्म्स एक्ट के एक मामले में करीब 9 महीने तक जेल में बंद था और महज एक सप्ताह पहले ही जेल से बाहर आया था। जेल से बाहर आने के बाद भी उसकी गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ और वह एक बार फिर अवैध नशीले पदार्थों के साथ पकड़ा गया।


## बिहार में जल्द शुरू होगी हेली टूरिज्म सेवा : पटना से बोधगया, नालंदा, राजगीर समेत 8 प्रमुख स्थलों तक मिनटों में पहुंच सकेंगे पर्यटक



**एजेंसी। पटना**

बिहार जो अपने समृद्ध इतिहास, आध्यात्मिक विरासत और सांस्कृतिक धरोहर के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है, अब पर्यटन के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। राज्य सरकार ने पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ह्यहेली टूरिज्मह्ल सेवा शुरू करने की योजना तैयार कर ली है। इस पहल के जरिए अब लोग लंबी सड़क यात्राओं और ट्रैफिक की परेशानी से बचकर कम समय में बिहार के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। नागरिक उड्डयन विभाग की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत राजधानी पटना को राज्य के आठ प्रमुख पर्यटन स्थलों से हेलीकॉप्टर सेवा के जरिए जोड़ा जाएगा। इसमें बोधगया, नालंदा, राजगीर, वैशाली, पावापुरी, पटना साहिब, विक्रमशिला और वाल्मीकि टाइगर रिजर्व जैसे महत्वपूर्ण स्थान शामिल हैं। इन जगहों का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी काफी बड़ा है। इस सेवा के शुरू होने के बाद पटना से बोधगया या नालंदा जैसे स्थानों तक पहुंचने में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। जहां पहले सड़क मार्ग से घंटों का सफर तय करना पड़ता था, वहीं अब यह दूरी कुछ ही मिनटों में पूरी की जा सकेगी। इससे खासतौर पर उन पर्यटकों को बड़ी राहत मिलेगी जिनके पास समय की कमी होती है। परियोजना को तेजी से लागू करने के लिए नागरिक उड्डयन विभाग ने अनुभवी हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों से ह्यएक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्टह्ल (एडक) आमंत्रित किया है। इससे यह संकेत मिलता है कि सरकार इस योजना को जल्द से जल्द जमीन पर उतारने के लिए गंभीर है। चयनित ऑपरेटरों के साथ शुरूआती तौर पर पांच वर्षों का अनुबंध किया जाएगा, जिसे बेहतर प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया भी जा सकता है। हेली टूरिज्म के साथ-साथ राज्य सरकार हवाई बुनियादी ढांचे को भी मजबूत करने में जुटी है। सारण जिले के सोनपुर और भागलपुर के सुल्तानगंज में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट विकसित करने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। इन परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (उढ्ढफ) तैयार करने का टेंडर भी जारी कर दिया गया है। इन नए एयरपोर्ट के बनने से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में सुधार होगा और पर्यटन के साथ-साथ व्यापार और निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। इस नई पहल से बिहार के पर्यटन को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद है। अब विदेशी पर्यटक भी कम समय में बौद्ध धर्म की पवित्र स्थली बोधगया, प्राचीन शिक्षा केंद्र नालंदा, भगवान महावीर से जुड़े स्थान पावापुरी और सिख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह की जन्मस्थली पटना साहिब का एक ही यात्रा में भ्रमण कर सकेंगे।विशेषज्ञों का मानना है कि हेली टूरिज्म सेवा न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि राज्य में रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। होटल, ट्रैवल एजेंसी, गाइड और स्थानीय व्यापारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## वियतनाम में मौत के बाद नहीं लौट पाई पटना के व्यवसायी का पार्थिव शरीर, परिजनों ने सरकार से लगाई गुहार



**एजेंसी। पटना**

पटना के मीठापुर स्थित न्यू विग्रहपुर कॉलोनी निवासी विंदा प्रसाद की वियतनाम में इलाज के दौरान 4 अप्रैल को मौत हो गई, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी उनकी पार्थिव देह भारत नहीं लाई जा सकी है। इस कारण परिवार गहरे सदमे और बेबसी में है। परिजनों के अनुसार, विंदा प्रसाद 11 मार्च को बिजनेस ट्रिप पर वियतनाम गए थे, जहां उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान ही 4 अप्रैल को उनका निधन हो गया। मृतक के पोते और अन्य रिश्तेदार वियतनाम पहुंच चुके हैं, ताकि पार्थिव देह को भारत लाया जा सके, लेकिन अब तक इसमें कोई सफलता नहीं मिली है। परिवार का आरोप है कि भारतीय दूतावास (एम्बेसी) से लगातार संपर्क करने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिल रहा है, कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। मृतक की पोती अमीषा सिंह ने भावुक अपील करते हुए कहा, ह्लहमने एम्बेसी से कई बार गुहार लगाई, लेकिन हर बार यही कहा जाता है कि ह्यहम देख रहे हैंह्ल। हमें अपने दादा के अंतिम दर्शन का अधिकार है, कृपया उनकी बॉडी जल्द से जल्द भारत लाने में मदद की जाएह्व इधर पटना में मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे परिवार और मोहल्ले में शोक का माहौल है। परिजन लगातार सरकार से मदद की अपील कर रहे हैं। परिवार ने इस मामले में बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार और गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे से भी सहायता की गुहार लगाई है।